फागण आया प्रेमियों | by Soni Shrivastava

रंग रंगीलो फागण आयो लायो खुशियां हज़ार
मची धूम खाटू नगरी में और भगता करे धमाल

फागण आया प्रेमियों चलो खाटू दरबार
चलो खाटू दरबार लीले वाले के द्वार
फागण आया प्रेमियों चलो खाटू दरबार

फागण में खाटू नगरी में रहता गज़ब नज़ारा
जय श्री श्याम के नारो से है गूंजता खाटू सारा
रंग रंगीला सज धज बैठा जग का पालनहार
फागण आया प्रेमियों चलो खाटू दरबार

फागण में हर टाबरिया पर श्याम रंग चढ़ जाता
हाथ में निशाँ उठा कर पैदल खाटू आता
खुशियों से भर देता सबको करता मालामाल
फागण आया प्रेमियों चलो खाटू दरबार

जो सबके जीवन को खुशियों के रंगो से सजाता
उसको रंग चढाने का मौका किस्मत से आता
लगता जैसे बुला रहे खुद , लगता सोनी बुला रहे खुद बाबा लखदातार
फागण आया प्रेमियों चलो खाटू दरबार
फागण आया प्रेमियों.................

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a4%a3-%e0%a4%86%e0%a4%af%e0%a4%be-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%ae%e0%a4%bf%e0%a4%af%e0%a5%8b%e0%a4%82-by-soni-shrivastava/